# प्रतिवेदन

**कार्यक्रम –** राज्य स्तरीय खो–खो महिला प्रतियोगिता रायपुर

**आयोजक – क्रीड़ा विभाग**

**दिनांक – 24–25/01/2019**

महात्मा गांधी शासकीय कला एवं विज्ञान महाविद्यालय खरसिया की पाँच छात्राएँ राज्य स्तरीय खो–खो प्रतियोगिता में सम्मिलित हुईं। क्रीड़ाधिकारी डॉ0 आर के टण्डन ने जानकारी दी कि जिला स्तरीय खो–खो महिला प्रतियोगिता खरसिया में सम्पन्न हुई थी। जिसमें जिले के कई महाविद्यालयों ने सहभागिता की थी और पूरी प्रतियोगिता में एमजी कालेज खरसिया विजेता बना। खेल विशेषज्ञों ने जिले के लिए टीम बनाया जो दिनांक 24–25 जनवरी को राज्य स्तरीय प्रतियोगिता रायपुर में हिस्सा लिया। ये छात्राएँ प्रो0 प्रियंका राठौर के दल व्यवस्थापन एवं प्रो0 अजमत अली के प्रशिक्षण में रायपुर प्रतियोगिता में सम्मिलित हुईं। खरसिया से उनिता राठिया, तारावती राठिया, कुसुम राठिया, सीता राठिया, माधुरी राठिया; पी डी कालेज रायगढ़ से अंजू सिदार, मालती सिदार, प्रिया सिदार, अल्पना बरवा; धरमजयगढ़ से बसंती राठिया, यशोदा तथा तमनार से मंदाकिनी सिदार ने खो–खो खेला। इन सभी छात्रा खिलाड़ियों को प्राचार्य डॉ0 पी सी घृतलहरे, प्रो0 एम एल धीरही, डॉ0 पी एल पटेल, डॉ0 सुशीला गोयल, प्रो0 सरला जोगी, डॉ0 आर के टण्डन, अधीक्षिका सपना पाटले, छात्र संघ अध्यक्ष आशीष राठौर, संतोषी सिदार, ज्योति डनसेना, वंदना राठौर सहित महाविद्यालय के सभी अधिकारी, कर्मचारी व छात्रों ने बधाइयाँ दी।